RAJASTHAN - DUNGARPUR

FOR REFERENCE ONLY

# प्राथमिक विद्यालयों में संसाधन

मनोज शर्मा
मोहनलाल भट्ट

शैक्षिक प्रौद्योगिकी प्रभाग

जिला शिक्षा एवं
प्रशिक्षण संस्थान
डूंगरपुर (राज:)

-54412
372
SHA-P

शैक्षिक प्रौद्योगिकी प्रभाग, शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान, डूंगरपुर

NIEPA DC
D08772

# आमुख

सन् 1947 तक डूंगरपुर जिले में प्राथमिक विद्यालयों की संख्या मात्र 66 थी। स्वतन्त्रता प्राप्ति के पश्चात विद्यालयों की संख्या में तेजी से वृद्धि होती गई एवं छोटे-छोटे गावों में प्राथमिक विद्यालय खोले गये। वर्तमान में इस जिले में प्राथमिक विद्यालयों की संख्या 701 है जिसमें निजी विद्यालयों की संख्या भी सम्मिलित है। संख्यात्मक दृष्टि से हुई वृद्धि प्राथमिक शिक्षा की गुणात्मकता को बनाए रखने में कितनी सफल रही यह जानना उत्सुकता का विषय है। राज्य सरकार द्वारा गुणात्मकता वृद्धि हेतु आपरेशन ब्लेक बोर्ड योजना भी प्रारम्भ की गई।

इस योजना की क्रियान्विति के उपरान्त प्राथमिक विद्यालयों में भौतिक एवं मानवीय संसाधनों की पूर्ति किस सीमा तक हुई है इसकी जानकारी के लिए जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान, डूंगरपुर ने प्रथम कदम उठाया है। प्रस्तुत प्रतिवेदन इसी दिशा में उठाये गए कदम की परिणति

संस्थान के शैक्षिक प्रौद्योगिकी प्रभाग के वरिष्ठ व्याख्याता श्री मनोज शर्मा ने इस अध्ययन को अपने अथक परिश्रम से पूर्ण किया है। अध्ययन कार्य में पूर्व सहयोगी श्री चन्द्रकान्त वसोटा एवं श्री लालशंकर पण्ड्या व्याख्याता तथा वर्तमान सहयोगी श्री मोहनलाल भट्ट, व्याख्याता का भी इस कार्य में प्रशंसनीय सहयोग प्राप्त हुआ है।

आशा ही नही अपितु पूर्ण विश्वास है कि इस अध्ययन के निष्कर्ष जिले के प्राथमिक विद्यालयों, पंचायत समितियों एवं शिक्षा प्रेमियों हेतु उपयोगी सिद्ध होंगे।

दिनांक 11, सितम्बर 1991

विद्या पानेरी
प्रधानाचार्य
जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान
डूंगरपुर (राज0)

## आभार

शैक्षिक समस्याओं को लेकर स्वतंत्र रूप से चिंतन करना, अध्ययन करना एवं तर्कसंगत समाधान खोजना शिक्षा जगत का प्रमुख कार्य है । राजस्थान के प्रत्येक जिले में इसी उद्देश्य को पूर्ण करने हेतु जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान की स्थापना की गई है । जिले में सेवारत शिक्षकों को प्रशिक्षण एवं मार्गदर्शन देना संस्थान के प्रमुख कार्यों में से एक है । जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान, डूंगरपुर उपर्युक्त उद्देश्यों की पूर्ति हेतु अपने स्थापना समय से ही प्रयत्नशील है ।

विद्यालयों में उपलब्ध भौतिक एवं मानवीय संसाधनों की पर्याप्त उपलब्धि शिक्षा के गुणात्मक विकास में बहुत अधिक सहयोगी होती है । डूंगरपुर जिले में स्थित विद्यालयों में मानवीय संसाधनों एवं भौतिक सुविधाओं की आपूर्ति किस सीमा तक हुई है इस विषय पर अध्ययन हेतु संस्थान के निवर्तमान प्रधानाचार्य डॉ० वी०एस० शर्मा द्वारा प्रेरणा प्राप्त हुई । तदनुरूप जिले के प्राथमिक विद्यालयों में उपलब्ध मानवीय एवं भौतिक संसाधनों की उपलब्धि की वस्तुस्थिति का स्थिति-परक अध्ययन का महत्वपूर्ण कार्य हाथ में लिया गया ।

अध्ययन कार्य डॉ० वी०एस० शर्मा की अनवरत प्रेरणा एवं मार्गदर्शन से ही पूर्ण हो सका है । इस हेतु मैं संस्थान के निवर्तमान प्रधानाचार्य का आभारी हूँ ।

अध्ययन कार्य के संपादन एवं प्रकाशन में संस्थान की प्रधानाचार्या आदरणीया श्रीमती विद्या पानेरी से अमूल्य मार्गदर्शन प्राप्त हुआ एवं काम फलीभूत हुआ । इस हेतु मैं संस्थान की प्रधानाचार्या श्रीमती विद्या पानेरी के प्रति हृदय से कृतज्ञता ज्ञापित करता हूँ ।

अध्ययन हेतु वांछित सूचनाओं को समय पर उपलब्ध कराने हेतु शिक्षा विभाग, डूंगरपुर, पंचायत समितियों के अधिकारियों, क्षेत्र में कार्यरत प्रधानाध्यापक, प्रधानाध्यापिकाओं एवं उनके सहयोगियों के प्रति भी आभार व्यक्त करता हूँ ।

अध्ययन कार्य में मेरे पूर्व सहयोगी श्री चन्द्रकान्त वसीटा एवं श्री लाल शंकर पण्ड्या, व्याख्याता तथा पूरे समय तक कार्य कर अध्ययन को अंतिम चरम तक लाने में श्री मोहन लाल भट्ट, व्याख्याता का सहयोग सराहनीय रहा है ।

संस्थान के उप प्रधानाचार्य श्री सागर मल शाह के समय-समय पर प्राप्त अमूल्य सुझावों एवं सहयोग हेतु उनके प्रति मैं हृदय से आभार व्यक्त करता हूँ । साथ ही श्री श्याम सुन्दर जोशी, निजी सहायक को उनके शुद्ध एवं सुन्दर टंकण कार्य तथा अथक परिश्रम हेतु कोटिशः धन्यवाद ज्ञापित करता हूँ ।

सितम्बर 11, 1991

मनोज शर्मा
वरिष्ठ व्याख्याता
जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान,
डूंगरपुर (राजस्थान)

## :: अनुक्रमणिका ::


| विषय वस्तु | पृष्ठ संख्या |
|---|---|
| आमुख | |
| आभार | |
| 1- समस्या अभिज्ञान | 1 |
| 2- अध्ययनोद्देश्य | 1 |
| 3- अध्ययन सीमांकन | 2 |
| 4- न्यादर्श चयन | 2 |
| 5- कार्यविधि | 2 |
| 6- दत्त एकत्रीकरण | 3 |
| 7- दत्त विश्लेषण एवं निर्वचन | 3 |
| (अ) भौतिक परिप्रेक्ष्य | |
| (1) विद्यालयों की दशकवार स्थापना | 3 |
| (2) जनसंख्या एवं विद्यालय | 5 |
| (3) विद्यालयों की पंचायत मुख्यालयों से दूरियाँ एवं बस सुविधाएँ | 6 |
| (4) विद्यालय भवनों एवं खेल के मैदानों की स्थिति | 8 |
| (5) विद्यालयों के अधूरे निर्माण कार्य | 14 |
| (6) विद्यालयों में उपलब्ध विभिन्न सुविधाएँ | 16 |
| (ब) मानवीय परिप्रेक्ष्य | |
| (1) छात्रों का जाति वार अनुपात | 22 |
| (2) छात्र अध्यापक अनुपात एवं विद्यालय संस्थापन | 24 |
| (3) विद्यालय संगम | 28 |
| (4) विद्यालयों द्वारा प्राप्त जन सहयोग एवं निर्माण कार्य निर्माण कार्य | 28 |
| (5) नामांकन वृद्धि में सहयोगी उत्प्रेरक | 29 |
| सारांश एवं प्रमुख उपपत्तियाँ | 30 |
| परिशिष्ट :- | |
| (1) जिले में कच्चे भवन वाले विद्यालय | 38 |
| (2) पंचायत समितिशः गाँव एवं विद्यालय दूरी | 39 |
| (3) जिले में बिना बाउण्ड्री वाले विद्यालय | 41 |
| (4) जिले में दो-कक्षा कक्षों वाले विद्यालय | 43 |
| (5) विद्यालय सूचना प्रपत्र | 45 |
| (6) सन्दर्भ ग्रन्थ सूची | 50 |

## I समस्या विज्ञान

डूँगरपुर जिला, राजस्थान राज्य के दक्षिण में स्थित है । संपूर्ण जिला गरों ओर पहाड़ियों से घिरा हुआ है और भू भाग पथरीला है । सन् 1981 की जनगणना के अनुसार 64 % निवासी अनुसूचित जनजाति के हैं जिनका व्यवसाय दैनिक मज़दूरी करना है । बहुत कम परिवारों के पास खेती की ज़मीन उपलब्ध है एवं ऐसे परिवार खेती भी करते हैं । जीविकोपार्जन के साधन सीमित होने से जनजाति क्षेत्र के परिवार गरीब हैं । घर के छोटे एवं बड़े सदस्य जीविकोपार्जन में लगे होने के कारण अपने बालकों को विद्यालय में नहीं भेज पाते हैं । अतः शिक्षा के क्षेत्र में यह जिला पिछड़ा ही रहा है ।

वर्तमान में जिले में प्राथमिक विद्यालयों की संख्या 701 है जो सन् 1947 की प्राथमिक विद्यालयों की संख्या से 10 गुणा से भी अधिक है । राज्य सरकार की शिक्षा में प्रसार एवं सबके लिए शिक्षा की नीति के कारण विद्यालयों की संख्या में पर्याप्त वृद्धि हुई है । संख्या में वृद्धि के साथ-साथ शिक्षा में गुणात्मक विकास हेतु विद्यालयों को साधन संपन्न बनाना भी आवश्यक है ।

"ऑपरेशन ब्लेक बोर्ड" कार्यक्रम के अन्तर्गत राज्य सरकार द्वारा प्राथमिक विद्यालयों को न्यूनतम मानवीय संसाधनों एवं भौतिक सुविधाओं से युक्त करना था जिसके अन्तर्गत न्यूनतम दो अध्यापकों की नियुक्ति, दो कक्षा-कक्ष एवं एक कार्यालय कक्ष का निर्माण, विद्यालयों को सहायक शैक्षिक सामग्री उपलब्ध कराना आदि हेतु सुविधाएँ उपलब्ध कराना प्रमुख था । ऐसी स्थिति में जिले में प्राथमिक विद्यालयों की संख्या में वृद्धि किस सीमा तक हुई है, भवनों की स्थिति कैसी है, अध्यापक अनुपात कितना है, विद्यार्थियों की बैठक व्यवस्था कैसी है, जल सुविधा एवं मूत्रालय सुविधा किस प्रकार की है - की जानकारी भी आवश्यक विषय है । इन जानकारियों के आधार पर ही तुलनात्मक विश्लेषण किया जा सकता है जो कि जिले की भावी योजनाओं हेतु उपयोगी सिद्ध हो सके ।

इस उपयोगिता को ध्यान में रखते हुए ही जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान, डूँगरपुर में प्राथमिक विद्यालयों के संसाधनों के अध्ययन को अपने हाथ में लिया है ।

## II अध्ययनोद्देश्य

इस अध्ययन का प्रमुख उद्देश्य जनजाति बाहुल्य के इस जिले के प्राथमिक विद्यालयों में उपलब्ध भौतिक एवं मानवीय संसाधनों की उपलब्धता का अध्ययन करना है । बिन्दुवार उद्देश्य निम्नानुसार है -

(1) डूँगरपुर जिले के प्राथमिक विद्यालयों की भौगोलिक स्थितियों के बारे में जानकारी करना ।

(2) प्राथमिक विद्यालयों में कक्षा-कक्ष, फर्नीचर, श्याम पट्ट आदि उपलब्ध भौतिक सुविधाओं की वस्तुनिष्ठ जानकारी प्राप्त करना ।

पृष्ठ संख्या 1

(3) प्राथमिक विद्यालयों में अध्यापकों की संख्या, छात्र अध्यापक अनुपात, छात्र-छात्रा अनुपात एवं जाति अनुसार छात्र संख्या की जानकारी प्राप्त करना ।

(4) प्राथमिक विद्यालयों की प्रमुख विशेषताओं एवं समस्याओं को प्रकाश में लाना ।

(5) विद्यालयों में उपलब्ध भौतिक एवं मानवीय संसाधनों का पंचायत समिति वार तुलनात्मक अध्ययन करना ।

## III अध्ययन सीमांकन

1- अध्ययन को डूँगरपुर जिले की पाँचों पंचायत समितियों को राजकीय, निजी एवं छात्र-छात्रा प्राथमिक विद्यालयों के अध्ययन तक ही सीमित रखा गया है ।

2- विद्यालय सूचना प्रपत्र के सम्बन्ध में 30 सितम्बर 1990 को उपलब्ध मानवीय एवं भौतिक सुविधाओं का आधार माना गया है ।

## IV न्यादर्श चयन

सर्वेक्षण उपकरण तैयार करने के पश्चात् यह प्रयास किया गया है कि अध्ययन के लिए ऐसे न्यादर्श का चयन किया जाए कि वह न्यादर्श डूँगरपुर जिले के प्राथमिक विद्यालयों का प्रतिनिधित्व कर सके ।

यह इसलिए भी आवश्यक हो गया था कि जिले के समस्त प्राथमिक विद्यालयों को न्यादर्श में शामिल किया जाना संस्थान में उपलब्ध मानवीय एवं भौतिक साधन-सुविधाओं की सीमाओं के परे था । अतः शोध कार्यों के अन्तर्गत निर्दिष्ट सिद्धान्तों का पालन करते हुए यादृच्छिक विधि के आधार पर प्रतिनिधित्व करने वाले न्यादर्श का चयन करना उपयुक्ततम माना गया ।

वैसे जिले में प्राथमिक विद्यालयों की कुल संख्या 701 है । अमेरिका के नेशनल एजूकेशन एसोसिएशन" में प्रकाशित रोर्बट, वी0 क्रूजई लेखक के स्माल सेम्पल टेक्नीक्स के टेबल से न्यादर्श चयन हेतु प्राथमिक विद्यालयों की संख्या 250 ली गई ।

## V कार्यविधि

कार्य का प्रारंभ सितम्बर 1990 में सर्वेक्षण उपकरण निर्माण के साथ-साथ किया गया । सर्वेक्षण उपकरण में विद्यालय की स्थापना, भौगोलिक [illegible] [illegible], खेल के मैदान, विद्यालय में उपलब्ध सुविधाएँ आदि समस्त पक्षों से संबंधित सूचनाओं को समाहित करने का प्रयास किया गया । समस्त सूचनाओं का वर्गीकरण करके विद्यालय सूचना प्रपत्र को 12 प्रमुख बिन्दुओं में विकसित किया गया । विद्यालय सूचना प्रपत्रों को वेतन विवरण केन्द्रों पर संबंधित विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों को वितरित किया गया । प्रपत्रों को पूर्ण करने के पश्चात् संस्थान में तत्काल भिजवा देने का अनुरोध किया गया । विद्यालयों द्वारा प्रेषित सूचनाओं का पंचायत समितिवार संकलन हेतु पूर्व ही में विकसित किए गए प्रपत्रों, मूक सारिणियों में अंकित किया गया । उसके पश्चात् दत्त विश्लेषण एवं निर्वचन का कार्य संपन्न [illegible]

किया गया ।

## VI दत्त एकत्रीकरण

जैसा कि पूर्व में उल्लेख किया गया कि अध्ययन के अंतर्गत पाँचों पंचायत समितियों में 250 विद्यालयों का चयन किया गया । प्रत्येक पंचायत समिति ... चयनित विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों को विद्यालय सूचना प्रपत्र वेतन वितरण केन्द्रों पर वितरित किए गए । प्रपत्र देने से पूर्व संस्थान के व्याख्याताओं द्वारा प्रधानाध्यापकों को प्रत्येक बिन्दु में चाही गई सूचनाओं के बारे में ठीक प्रकार से समझाया गया । प्रधानाध्यापकों को प्रपत्र सूचना पूर्ण करके भेजने हेतु एक माह का समय दिया गया । एक माह के अन्दर पंचायत समिति मुख्यालयों पर पहुँचाने के निर्देश भी दिए गए । पंचायत समिति मुख्यालयों से विद्यालय सूचना प्रपत्र जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान, डूँगरपुर में प्राप्त किये जाने की व्यवस्था की गई । पाँच पं.स. में से सागवाड़ा एवं आसपुर से चयनित विद्यालयों में समस्त प्रपत्र समय पर प्राप्त हो गये । शेष तीन पंचायत समितियों के कुछ विद्यालयों से प्रपत्र प्राप्त नहीं हुए । स्मरण पत्र भिजवाने के उपरान्त भी समस्त चयनित विद्यालयों में से 230 विद्यालयों से ही प्रपत्र प्राप्त हुए । इन्हें पं.स. वार अलग-अलग किया गया तथा दत्त विश्लेषण का कार्य आरम्भ किया गया ।

## VII दत्त विश्लेषण एवं निर्वचन

इस अध्ययन से सम्बद्ध दत्त बहुआयामी होने के कारण यह उपयुक्त माना गया कि समस्त सूचनाओं को दो भागों में विभक्त किया जाए । फलतः एक भाग भौतिक परिप्रेक्ष्य और दूसरा भाग मानवीय परिप्रेक्ष्य के रूप में लिया गया है । इससे सम्बन्धित विवेचन निम्नानुसार दर्शाया गया है ।

### (अ) भौतिक परिप्रेक्ष्य

विद्यालयों की स्थापना के पश्चात उन्हें वास्तविक स्वरूप में लाने के दो पहलुओं की ओर ध्यान देना आवश्यक होता है । ये दो पहलू भौतिक एवं मानवीय संसाधनों से सम्बन्धित हैं ।

प्रथम महत्वपूर्ण पहलू के अन्तर्गत विद्यालयों की स्थापना के साथ-साथ छोटे-छोटे गाँवों में विद्यालयों की उपलब्धता, अच्छे विद्यालय भवन, खेल के मैदानों की समुचित व्यवस्था, आवश्यकतानुसार विद्यालय भवनों में अतिरिक्त निर्माण कार्य एवं अन्य विविध सुविधाएँ प्रमुख हैं ।

सर्वप्रथम इस जिले की पाँचों पंचायत समितियों में दशकवार विद्यालयों की स्थापना का ब्यौरा इस प्रकार है ।

### विद्यालयों की दशाकशः स्थापना

अध्ययन हेतु पाँचों पंचायत समितियों से प्राप्त दत्तों को दशकवार जमाया गया । इस प्रयास का उद्देश्य विद्यालयों की स्थापना से सम्बद्ध दशक वार स्थिति का अध्ययन करना था ।

20 वीं शताब्दि के प्रत्येक दशक में विद्यालयों के स्थापना को दशा... स्थिति इस प्रकार रही:

सारणी संख्या-1

बीसवीं शताब्दी में दशाक्रमा:प्राथमिक विद्यालयों की स्थापना विषयक स्थिति

| वर्ष | पंचायत समिति | | | | | | | | | | विo |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | आसपुर | | डूंगरपुर | | सागवाडा | | सीमलवाडा | | बिछीवाडा | | |
| | छात्र | छात्रा | छात्र | छात्रा | छात्र | छात्रा | छात्र | छात्रा | छात्र | छात्रा | |
| 1921-30 | – | – | – | – | – | – | – | – | – | – | सात प्रा... |
| 1931-40 | | | | | 1 | | | | | | विद्यालय |
| 1941-50 | 2 | – | 2 | – | 1 | – | 3 | – | 4 | – | स्थापित |
| 1951-60 | 8 | 2 | 8 | – | 5 | – | 9 | – | 10 | – | सम्बन्ध |
| 1961-70 | 5 | 1 | 6 | 1 | 6 | – | 3 | – | 13 | – | सूचना में उप... किया |
| 1971-80 | 14 | – | 12 | – | 10 | – | 19 | 2 | 10 | – | |
| 1981-90 | 19 | 1 | 17 | – | 23 | 3 | 12 | – | 9 | 2 | |
| योग: | 48 | 4 | 45 | 1 | 46 | 3 | 46 | 2 | 46 | 2 | |

- न्यादर्श में लिए गए विद्यालयों मे से इस दशक में किसी भी पंचायत... में एक भी विद्यालयानही खुला

सारणी से स्पष्ट है कि:न्यादर्श में गृहित विद्यालयों में से

- दशक 1921-30 के अंत तक किसी भी पंचायत समिति में कोई भी विद्यालय नहीं खोला गया।
- दशक 1981-90 में प्रत्येक पंचायत समिति में अधिकतम विद्यालयों... हुई।
- दशक 1981-90 में ही पंचायत सिमिति सागवाडा में 26 प्राथमिक... की स्थापना हुई जो कि पांचों पंचायत समितियों में अधिकतम है।
- दशक 1931-40 में सन् 1936 में पंचायत समिति सागवाडा के ग्राम... में प्रथम प्राथमिक विद्यालय की स्थापना हुई।

जिले में स्वतंत्रता प्राप्ति से पूर्व एवं पश्चात स्थापित विद्यालयों का प्रतिशत निम्नांकित सारणी में दर्शाया गया है

सारणी संख्या-2

स्वतन्त्रता प्राप्ति से पूर्व एवं पश्चात स्थापित प्राथमिक

| क्र०सं | पंचायत समिति | प्राथमिक विद्यालयों का स्थापना प्रतिशत | |
|---|---|---|---|
| | | स्वतन्त्रता प्राप्ति से पूर्व | स्वतन्त्रता प्राप्ति से... |
| | आसपुर | 2·0 | 98·1 |
| | डूंगरपुर | 4·2 | 96·0 |
| | सागवाडा | 2·0 | 85·4 |
| | सीमलवाडा | 2·0 | 97·8 |
| | बिछीवाडा | – | 97·6 |
| | पूर्ण जिला | 1·6 | 95·6 |

* स्वतंत्रता प्राप्ति से पूर्व प्रत्येक पंचायत समिति में लगभग 2 से 4 % विद्यालय स्थापित थे ।
* न्यादर्श में गृहीत विद्यालयों में से पंचायत समिति बिछीवाड़ा में स्वतंत्रता प्राप्ति से पूर्व विद्यालयों की स्थापना नहीं हुई थी ।
* समस्त पंचायत समितियों में 85 % से अधिक प्राथमिक विद्यालयों की स्थापना स्वतंत्रता प्राप्ति के पश्चात् हुई ।
* न्यादर्श में गृहीत विद्यालयों के आधार पर डूँगरपुर जिले में स्वतंत्रता प्राप्ति से पूर्व 1.6 % प्राथमिक विद्यालयों एवं स्वतंत्रता प्राप्ति के पश्चात् 95.6 % विद्यालय स्थापित हुए ।

## जनसंख्या एवं विद्यालय

ग्रामीण क्षेत्रों में विद्यालय स्थापना के लिए गाँव की जनसंख्या को भी आधार बनाया जाता है । निम्नांकित तालिका पंचायत समितिवार छात्र/छात्रा प्राथमिक विद्यालयों की उपलब्धता एवं उस स्थान से सम्बन्धित न्यूनतम जनसंख्या दर्शाती है ।

### तालिका संख्या-3

गाँव की न्यूनतम जनसंख्या जहाँ पर प्राथमिक विद्यालय उपलब्ध है

| क्र0सं0 | पंचायत समिति | न्यूनतम जनसंख्या जिस पर छात्र प्रा0वि0 उपलब्ध है (ग्रामीण क्षेत्र) | न्यूनतम जनसंख्या जिस पर छात्रा प्रा0वि0उपलब्ध है (ग्रामीण क्षेत्र) |
|---|---|---|---|
| 1- | आसपुर | 250 | 890 |
| 2- | डूँगरपुर | 206 | - |
| 3- | सागवाड़ा | 151 | 1250 |
| 4- | तीमलवाड़ा | 250 | 1542 |
| 5- | बिछीवाड़ा | 200 | 1330 |

तालिका से यह स्पष्ट है कि -

* सागवाड़ा पंचायत समिति में 151 की जनसंख्या के गाँव में भी प्राथमिक विद्यालय उपलब्ध है, जबकि शेष चारों पंचायत समितियों में 200 या इससे अधिक जनसंख्या के गाँवों में छात्र प्राथमिक विद्यालय उपलब्ध है ।
* छात्रा प्राथमिक विद्यालय न्यूनतम 890 की जनसंख्या वाले गाँव में उपलब्ध है । यह गाँव आसपुर पंचायत समिति में वोड़ीगामा बड़ा है ।

गाँवों में कई परिवार लड़कियों को छात्र विद्यालयों में भेजना पसंद नहीं करते हैं । अतः छात्रा प्राथमिक विद्यालयों की स्थापना 890 से कम जनसंख्या गाँवों में होना अपेक्षित है ताकि महिला साक्षरता में भी वृद्धि हो सके ।

## विद्यालयों की पंचायत मुख्यालय से दूरियाँ

भौगोलिक दृष्टि से अध्ययन में लिए गए विद्यालयों में से 7 % विद्या.. .री क्षेत्र में एवं 93 % विद्यालय ग्रामीण क्षेत्र में हैं। ये विद्यालय पंचायत ..ालय एवं तहसील मुख्यालय से भिन्न-भिन्न दूरियों पर स्थित हैं। तहसील ..ालय एवं पंचायत मुख्यालय की विभिन्न परिधियों में स्थित विद्यालयों का ..ाव उस क्षेत्र में शिक्षा के प्रसार पर होता है। निम्नांकित सारिणी में ..ेक पंचायत समिति में पंचायत मुख्यालय से अधिकतम दूरी पर स्थित विद्यालयों .. नाम दिए गए हैं।

### सारिणी संख्या- 4

पंचायत मुख्यालय से अधिकतम दूरी पर स्थित विद्यालय

| क्र०सं० | पंचायत समिति | पंचायत मुख्यालय | पंचायत मुख्यालय से अधिकतम दूरी जिस पर विद्यालय स्थित है | विद्यालय का नाम (प्राथमिक विद्यालय) |
|---|---|---|---|---|
| 1- | आसपुर | हुँजपुर | 8 किमी | गोठ महूड़ी |
| 2- | डूँगरपुर | डूँगराफला | 10 किमी | डूँगरावीरफला |
| 3- | सागवाड़ा | ओबरी | 10 किमी | सुरमणा |
| 4- | सीमलवाड़ा | धुवेड़ | 10 किमी | नागरिया |
| 5- | बिछीवाड़ा | पाल देवल | 10 किमी | कण्डूला |

सारिणी से स्पष्ट है कि :

* आसपुर पंचायत समिति में कम से कम एक विद्यालय ऐसा है जो पंचायत मुख्यालय से 8 किमी दूरी पर स्थित है।
* पंचायत समिति डूँगरपुर, सागवाड़ा, सीमलवाड़ा एवं बिछीवाड़ा में कम से कम एक विद्यालय ऐसा है जो पंचायत समिति मुख्यालय से 10 किमी की दूरी पर स्थित है।
* पंचायत मुख्यालय से 8 से 10 किमी की दूरी से भी अधिक दूरी पर गाँव हो सकते हैं जिनमें प्राथमिक विद्यालय नहीं हों। ऐसे पंचायत मुख्यालय से दूरस्थ गाँवों में प्राथमिक विद्यालय स्थापित किए जाने चाहिए।

यह भी संभव है कि 10 किमी से कम दूरी के भी कई ऐसे गाँव हों जिनमें प्राथमिक विद्यालय न हों। अत: 8 से 10 किमी से दूर के एवं पास के गाँवों में प्राथमिक विद्यालय आवश्यकतानुसार स्थापित किए जाने चाहिए।

विद्यालयों में पहुँचने के लिए बस सुविधा की उपलब्धता एक प्राथमिक आवश्यकता है । किन्तु कई गाँवों में पहुँच हेतु बस सुविधा उपलब्ध नहीं है । निम्नांकित सारिणी में ऐसे विद्यालयों का प्रतिशत दर्शाया गया है जहाँ पहुँच हेतु बस सुविधायें उपलब्ध नहीं हैं :-

सारिणी संख्या- 5

पंचायत समितिवार बस सुविधा उपलब्ध नहीं होने वाले विद्यालयों का प्रतिशत

| क्र0सं0 | पंचायत समिति | बस सुविधा उपलब्ध नहीं होने वाले विद्यालयों का प्रतिशत |
|---|---|---|
| 1- | आसपुर | 50.0 |
| 2- | डूँगरपुर | 56.5 |
| 3- | सागवाड़ा | 50.0 |
| 4- | सीमलवाड़ा | 56.1 |
| 5- | बिछीवाड़ा | 50.0 |
| योग | जिला डूँगरपुर | 51.2 |

सारिणी से स्पष्ट है कि -

- समस्त पंचायत समितियों में 50 % से अधिक प्राथमिक विद्यालय ऐसे हैं जहाँ पहुँच हेतु बस सुविधा उपलब्ध नहीं है ।
- पंचायत समिति डूँगरपुर के 56.5 % विद्यालयों में पहुँच हेतु बस सुविधाउपलब्ध नहीं है । यह प्रतिशत पाँचों पंचायत समितियों में सर्वाधिक है ।
- पंचायत समिति आसपुर, सागवाड़ा एवं बिछीवाड़ा में 50.0 % विद्यालयों में पहुँच हेतु बस सुविधा उपलब्ध नहीं है जो न्यूनतम है ।
- न्यादर्श में लिए गए विद्यालयों से प्राप्त निष्कर्ष के अनुसार पूरे जिले में 51.2 % विद्यालयों में पहुँच हेतु बस सुविधा नहीं है । ऐसे विद्यालयों की सूची जहाँ पहुँच हेतु बस सुविधाएँ नहीं हैं परिशिष्ट संख्या II पर संलग्न है ।

चूँकि आधे से अधिक प्राथमिक विद्यालयों में पहुँच हेतु बस सुविधा नहीं है अतः ऐसे विद्यालयों में पहुँच हेतु एक ही विकल्प है और वह है पैदल मार्ग । पहुँच प्राथमिक विद्यालयों में पहुँच हेतु विभिन्न पैदल दूरियाँ तय करनी होती है । निम्नांकित सारिणी में प्रत्येक पंचायत समिति में पैदल मार्ग से विद्यालय पहुँचने हेतु अधिकतम दूरी दी गई है ।

सारिणी संख्या - 6

पंचायत समितिवार विद्यालय पहुँचने हेतु पैदल मार्ग की अधिकतम दूरी

| क्र0सं0 | पंचायत समिति | पैदल मार्ग की अधिकतम दूरी | विद्यालय का नाम |
|---|---|---|---|
| 1- | आसपुर | 10 किमी | प्राथमिक विद्यालय, ओड़ा |
| 2- | डूँगरपुर | 12 किमी | प्राथमिक विद्यालय, छेला, खेर |
| 3- | सागवाड़ा | 10 किमी | प्राथमिक विद्यालय, मटूपेड़ |
| 4- | सीमलवाड़ा | 3 किमी | प्राथमिक विद्यालय, दाद |
| 5- | बिछीवाड़ा | 10 किमी | प्राथमिक विद्यालय, कंडूला |

सारिणी से स्पष्ट है कि चार पंचायत समितियों में से ऐसे दुर्गम स्थान भी हैं जहाँ के विद्यालयों तक पहुँचने हेतु 10 से 12 किमी तक की पैदल यात्रा करनी होती है ।

विद्यालय भवनों एवं खेल के मैदानों की स्थिति

विद्यालयों की प्राथमिक आवश्यकता उनके लिए निर्मित किए गए भवन हैं । पंचायत समितिवार प्राथमिक विद्यालयों के भवन कच्चे अथवा पक्के अथवा आंशिक कच्चे या पक्के हैं का ब्यौरा निम्नांकित सारिणी में प्रदर्शित किया गया है ।

सारिणी संख्या- 7

पंचायत समितिवार विद्यालयों की स्थिति (प्रतिशत में)

| क्र0सं0 | पंचायत समिति | विद्यालय भवनों की स्थिति | | |
|---|---|---|---|---|
| | | कच्चे | पक्के | आंशिक कच्चे/पक्के |
| 1- | आसपुर | 15.2 | 65.2 | 19.5 |
| 2- | डूँगरपुर | 21.4 | 45.2 | 33.3 |
| 3- | सागवाड़ा | 18.2 | 47.3 | 34.5 |
| 4- | सीमलवाड़ा | 8.1 | 51.0 | 40.0 |
| 5- | बिछीवाड़ा | 20.8 | 33.3 | 45.8 |
| योग- | जिला डूँगरपुर | 19.2 | 44.4 | 36.4 |

सारिणी से स्पष्ट है कि -

* पंचायत समिति आसपुर में अधिकतम 65.2 % विद्यालयों के भवन पक्के हैं ।
* पंचायत समिति बिछीवाड़ा में मात्र 33.3 % भवन ही पक्के हैं । यह प्रतिशत समस्त पंचायत समितियों में न्यूनतम है ।

* डूँगरपुर पंचायत समिति में सर्वाधिक 21.4 % प्राथमिक विद्यालय भवन कच्चे हैं ।
* न्यादर्श में लिए गए विद्यालयों से प्राप्त निष्कर्षों से स्पष्ट होता है कि डूँगरपुर जिले में 19.2 % विद्यालय कच्चे, 36.4 % विद्यालय आंशिक कच्चे पक्के एवं 44.4 % विद्यालय भवन पक्के हैं । जिले के प्राथमिक विद्यालयों के कच्चे भवनों की सूची परिशिष्ट I पर संलग्न है ।

इन भवनों में से भवन या तो राजकीय हैं या किराये के हैं । कुछ भवन दान दाताओं द्वारा भी दिए गए हैं । इस सम्बन्ध में पूर्ण जानकारी निम्नांकित सारिणी से स्पष्ट होती है ।

सारिणी संख्या- 8

पंचायत समितिवार भवनों का प्रकार

| क्र.सं० | पंचायत समिति | भवनों का प्रकार एवं किराया | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | राजकीय भवन | दानदाता द्वारा दिए गए भवन | किराये के भवन | किराया अधिकतम | किराया न्यूनतम |
| 1- | आसपुर | 97.8 % | 2.2 % | - | - | - |
| 2- | डूँगरपुर | 79.0 % | - | 21.4% | रु0999/- | रु0 167/- |
| 3- | सागवाड़ा | 87.2 % | - | 12.7 % | रु0405/- | रु0 |
| 4- | सीमलवाड़ा | 100.0 % | - | - | - | - |
| 5- | पिछोवाड़ा | 92.3 % | 7.7 % | - | - | - |

सारिणी से स्पष्ट है कि -

* सभी पंचायत समितियों में अधिकांश विद्यालयों के भवन राजकीय हैं ।
* पंचायत समिति सीमलवाड़ा के समस्त विद्यालय भवन राजकीय हैं
* दो पंचायत समितियाँ पिछोवाड़ा एवं आसपुर ऐसी हैं जिनमें क्रमशः 7.7 % एवं 2.2 % भवन दानदाताओं द्वारा दिए गए हैं ।
* दो पंचायत समितियाँ डूँगरपुर एवं सागवाड़ा ऐसी हैं जिनमें क्रमशः 21.4 % एवं 04.6 % विद्यालय भवन किराये पर हैं
* पंचायत समिति डूँगरपुर के एक विद्यालय भवन का प्रतिमाह रु0 999/- है जो कि अधिकतम है । इसी पंचायत समिति अन्य भवन का किराया रु0 167/- है जो कि न्यूनतम है ।

पंचायत समिति सागवाड़ा के एक विद्यालय का किराया रु0 405/- है कि अधिकतम है एवं एक अन्य भवन का किराया रु0 20/- है जो न्यूनतम है अधिकांश विद्यालयों के भवन राजकीय हैं । इन भवनों के चारों ओर बाउण्ड्री है या नहीं यह भी जानने योग्य है । निम्नांकित तालिका में पंचायत समिति बाउण्ड्री एवं बिना बाउण्ड्री के विद्यालय भवनों का प्रतिशत दर्शाया गया है

## सारिणी संख्या- 9

पंचायत समितिश: बाउण्ड्री एवं बिना बाउण्ड्री के भवन

| क्र०सं० | पंचायत समिति | पंचायत समितिवार: विद्यालय भवन तथा बाउण्ड्री | | बाउण्ड्री प्रतिशत में प्रकार | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | नहीं है | है | बाड़ की | पत्थर की | तार की |
| 1- | आसपुर | 54 % | 46 % | 69.5 | 30.4 | - |
| 2- | डूँगरपुर | 74.3 % | 25.5 % | 49.5 | 40.2 | [illegible] |
| 3- | सागवाड़ा | 50.6 % | 43.7 % | 58.7 | 43.3 | - |
| 4- | सीमलवाड़ा | 81.2 % | 19.0 % | 10.8 | 88.5 | - |
| 5- | बिछीवाड़ा | 55.3 % | 44.6 % | - | 100 | - |
| | डूँगरपुर जिला | 64.2 % | 36.0 % | 35.2 | 62.7 | 1.1 |

सारिणी से ज्ञात होता है कि -

- पाँचों पंचायत समितियों के 50 % से भी अधिक विद्यालयों में बाउण्ड्री नहीं है ।
- पंचायत समिति सीमलवाड़ा के सर्वाधिक 81.2 % विद्यालयों की बाउण्ड्री नहीं है । जबकि पंचायत समिति डूँगरपुर के 74.4 % पंचायत समिति बिछीवाड़ा के 55.3 %, आसपुर के 54 % एवं सागवाड़ा के 50.6 % विद्यालयों में बाउण्ड्री नहीं है ।
- पंचायत समिति बिछीवाड़ा के 44.6 % विद्यालयों में बाउण्ड्री है । इन सभी विद्यालयों की बाउण्ड्री पत्थर की बनी हुई है ।
- न्यादर्श में लिए गए विद्यालयों के आधार के अनुसार डूँगरपुर जिले के 64.2 % विद्यालय भवनों की बाउण्ड्री नहीं है । सूची परिशिष्ट संख्या III में संलग्न है ।
- जिले के 36 % विद्यालयों में बाउण्ड्री है । इनमें से 62.7 % बाउण्ड्री पत्थर की, 35.2 % बाउण्ड्री बाड़ की एवं 1.1 % बाउण्ड्री तार की है ।

भवनों की सुविधा के अंतर्गत कक्षा - कक्षों की उपलब्धता भी एक प्र... ...रक है । निम्नांकित सारिणी में पंचायत समितिवार कक्षा-कक्षों की सं... ... विद्यालयों का प्रतिशत दर्शाया गया है ।

## सारिणी संख्या- 10

पंचायत समितिवार कक्षा-कक्षों की संख्या एवं विद्यालयों का प्रतिशत

| क्र0 | पंचायत समिति | विद्यालयों का प्रतिशत जिनमें कक्षा-कक्षों की संख्या | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | एक कक्षा | दो कक्ष | तीन कक्ष | चार कक्ष | पाँच कक्ष | छः क |
| 1- | आसपुर | 10 | 56 | 12 | 06 | 08 | - |
| 2- | डूँगरपुर | 20.4 | 41 | 16.2 | 16.2 | 04.6 | - |
| 3- | सागवाड़ा | 9.8 | 61.2 | 11.9 | 6.8 | 4.7 | 04.0 |
| 4- | सीमलवाड़ा | 25.6 | 35.8 | 25.6 | 10.2 | 02.5 | 02.6 |
| 5- | बिछीवाड़ा | 36.7 | 48.7 | 9.7 | 7.3 | - | 02.2 |
| | डूँगरपुर जिला | - | 42 % | - | - | - | - |

सारिणी से स्पष्ट है कि -

* पंचायत समितियों में 36 % से 61 % विद्यालय ऐसे हैं जिनमें कक्षा-कक्षों की संख्या मात्र 2 । अतः अधिकांश विद्यालयों में 2 कक्षा-कक्ष ही हैं, जो कि खेद जनक स्थिति का द्योतक है । दो कक्षा-कक्षों के विद्यालयों की सूची परिशिष्ट IV में संलग्न है ।
* जिले की तीन पंचायत समितियों सागवाड़ा, सीमलवाड़ा एवं बिछीवाड़ा के केवल 2.2 % से 4.0 % विद्यालय ऐसे हैं जिनमें कक्षा कक्षों की संख्या 6 है ।
* जिले में कुछ विद्यालय ऐसे हैं जिनमें वर्तमान में कुछ कारणों से कक्षा-कक्षों की सुविधाएँ उपलब्ध नहीं है । जैसे पंचायत समिति डूँगरपुर में प्राथमिक विद्यालय डूँगरफला (तुराता) का भवन निर्माणाधीन होने से वर्तमान में एक भी कक्षा कक्षा उपलब्ध नहीं है ।
* पंचायत समिति बिछीवाड़ा के राजकीय प्राथमिक विद्यालय वीरपुर में समस्त भवन जर्जर हो गया है एवं कक्षा-कक्षों हेतु कमरे उपयोग में नहीं आ रहे हैं ।
* पंचायत समिति सागवाड़ा में राजकीय प्राथमिक विद्यालय नं06 (हरिजन बस्ती) का भवन उपलब्ध नहीं होने से वर्तमान में यह विद्यालय राजकीय प्राथमिक विद्यालय नं01 सागवाड़ा में चल रहा है ।

कक्षा-कक्षों की उपलब्धता के साथ ही साथ इन कमरों की छतों के बारे में जानकारी भी आवश्यक है । पंचायत समितिवार प्राथमिक विद्यालयों में छतों की स्थिति निम्नांकित सारिणी में दर्शायी गई है ।

तालिका संख्या- 11

पंचायत समितिवार विभिन्न प्रकार की छतों वाले विद्यालयों का प्रतिशत

| क्र0सं0 | पंचायत समिति | विद्यालयों में भवनों की स्थिति (प्रतिशत) | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | पक्की | टिनशेड | खपरैल | पानी टपकता है |
| 1- | आसपुर | 86 | 05 | 08 | 88 |
| 2- | डूँगरपुर | 67.4 | 9.3 | 23.2 | 81.4 |
| 3- | सागवाड़ा | 82.2 | 2.3 | 15.4 | 79.5 |
| 4- | सीमलवाड़ा | 70.4 | 6.6 | 22.0 | 86.2 |
| 5- | पिछीवाड़ा | 65.4 | 5.4 | 28.5 | 92.7 |

तालिका से स्पष्ट है कि 65 % से 86 % विद्यालयों के भवनों में पक्की छतें हैं ।

* पक्की छतें होते हुए भी अधिकांश विद्यालयों की छतें टपकती हैं । पंचायत समिति सागवाड़ा में न्यूनतम 79 % छतें टपकती हैं । पंचायत समिति पिछीवाड़ा में सर्वाधिक 92.7 % विद्यालयों की छतें टपकती हैं । अतः वर्षा ऋतु में छात्रों के अध्ययन में बाधा उपस्थित होती है ।
* बहुत कम विद्यालयों में छतें टिन शेड की बनी हुई हैं । पंचायत समिति डूँगरपुर में 9.3 % प्राथमिक विद्यालय की छतें टिन शेड की बनी हुई हैं । यह संख्या समस्त पंचायत समितियों में पाई गई है ।
* खपरैल की छतों की अधिकतम संख्या पिछीवाड़ा पंचायत समिति के विद्यालयों में है जिनका कि प्रतिशत 28.5 है ।

विद्यालय भवन की छतों के साथ-साथ भवन के बरामदों की उपलब्धता की स्थिति भी जानने का प्रयास किया गया । बरामदों की उपलब्धता निम्न तालिका में दर्शायी गई है :-

तालिका संख्या-12

पंचायत समितिवार: विद्यालय भवनों में बरामदों की उपलब्धता

(प्रतिशत)

| क्र0सं0 | पंचायत समिति | विद्यालयों का प्रतिशत में बरामदा | |
|---|---|---|---|
| | | उपलब्ध है | उपलब्ध नहीं है |
| 1- | डूँगरपुर | 59.5 | 40.4 |
| 2- | सागवाड़ा | 48.7 | 51.2 |
| 3- | आसपुर | 54.0 | 46.0 |
| 4- | सीमलवाड़ा | 64.7 | 35.4 |
| 5- | पिछीवाड़ा | 55.3 | 44.7 |
| | डूँगरपुर जिला | 55.2 | 44.8 |

सारिणी से स्पष्ट है कि -

* पंचायत समिति सीमलवा[illegible] में सर्वाधिक 64.7 % विद्यालयों में बरामदे उपलब्ध हैं, जबकि पंचायत समिति सागवाड़ा में न्यूनतम 48.7 % विद्यालयों में [illegible]रामदे उपलब्ध हैं ।
* न्यादर्श में लिए गए वि[illegible]ालयों से प्राप्त निष्कर्षों के अनुसा[illegible] जिले के 55.2 विद्यालयों में बरामदा उपलब्ध है एवं 44.8 विद्यालयों में बरामदा उपलब्ध नहीं है ।

विद्यालयों में छात्रों के सर्वांगी[illegible] विकास के अन्तर्गत शारीरिक [illegible] खेल-कूद की सुविधा होना भी आवश्यक है । इस हेतु विद्यालयों में खेल के [illegible]नों की उपलब्धता का भी अध्ययन [illegible] गया । निम्नांकित सारिणी में [illegible] के मैदानों की उपलब्धता दर्शायी गई है ।

सारिणी संख्या- 13

पंचायत समितिवार खेल के मैदानों की उपलब्धता

(प्रतिशत में)

| [illegible]सं0 | पंचायत समिति | विद्या[illegible] में खेल - मैदान | |
|---|---|---|---|
| | | उपलब्ध है | उपलब्ध नहीं है |
| 1- | आसपुर | 40 | 60 |
| 2- | डूँगरपुर | 47.6 | 52.4 |
| 3- | सागवाड़ा | 62.5 | 37.4 |
| 4- | सीमलवाड़ा | 61.12 | 38.88 |
| 5- | बिछीवाड़ा | 95.74 | 4.25 |
| | डूँगरपुर जिला | 79.2 | 20.8 |

सारिणी से यह निष्कर्ष निकलता है कि --

* पंचायत समिति बिछीवा[illegible] में सर्वाधिक 95.7 % विद्यालयों[illegible] खेल के मैदान हैं, जबकि पंचायत समिति आसपुर में न्यूनतम 40 [illegible] विद्यालयों में खेल के मैदान हैं ।
* न्यादर्श में लिए गए वि[illegible]ालयों में से पूरे जिले के 79.2 % विद्यालयों में खेल के मैदान उपलब्ध हैं । ये खेल के मैदान विद्या[illegible]लय के आगे या आसपास की भूमि पर हैं जिनमें खो-खो, कबड्डी वालीबॉल आदि खेल खेले जाते हैं । विद्यालयों के लिए [illegible] मैदानों हेतु गांवों में भूमि उपलब्ध है या नहीं इस हेतु जान[illegible] का प्रयास सूचना प्रपत्र के माध्यम से किया गया था । प्राप्त सूचनाएं अस्पष्ट होने से [illegible]ष्ट तस्वीर सामने उभर कर नहीं आ[illegible] अतः इस अध्ययन में उद्धृत नहीं की गई हैं ।

विद्यालय भवन एवं भूमि को [illegible]द्यालय खाते में रजिस्ट्री द्वारा [illegible] जाता है । उसी स्थिति में उस भूमि [illegible] विद्यालय का स्वामित्व माना [illegible] इस सम्बन्ध में शिक्षा विभाग समय-सम[illegible] पर निर्देश भी जारी करता है । [illegible] सम्बन्ध में प्राथमिक विद्यालयों के भूमि [illegible] स्वामित्व की स्थिति इसप्रकार [illegible]

सारिणी संख्या- 14

पंचायत समितिवार विद्यालय भूमि के स्वामित्व की स्थिति

(प्रतिशत में)

| सं0 | पंचायत समिति | विद्यालय का खाते में इन्द्राज | |
|---|---|---|---|
| | | है | नहीं |
| [illegible] | आसपुर | 52.0 | 48.0 |
| [illegible] | डूंगरपुर | 41.9 | 58.1 |
| [illegible] | सागवाड़ा | 48.7 | 51.3 |
| [illegible] | सीमलवाड़ा | 37.7 | 62.3 |
| 5- | बिछीवाड़ा | 51.1 | 48.9 |
| | डूंगरपुर जिला | 46.2 | 53.8 |

सारिणी से स्पष्ट है कि -

* पंचायत समिति आसपुर के 52 % विद्यालयों की भूमि वि[illegible] खातों में अंकित है । य[illegible] प्रतिशत पाँचों पंचायत समितियो[illegible] अधिकतम है ।
* पंचायत समिति सीमल[illegible] के 37.7 % विद्यालयों की भू[illegible] विद्यालय खातों में [illegible] है । यह प्रतिशत पाँचों पंचायत समितियों में न्यूनतम है ।
* न्यादर्श में लिए गए [illegible]द्यालयों से प्राप्त निष्कर्षों से स्प[illegible] है कि पूरे जिले के 46.2 % विद्यालयों की भूमि विद्याल[illegible] खातों में है जबकि 53.8 प्राथमिक विद्यालयों की भूमि [illegible] में नहीं है ।

विद्यालयों में अधूरे निर्माण कार्य

विद्यालयों के विकास हेतु जन सहयोग द्वारा, पंचायत समितियों [illegible] [illegible] विकास अभिकरणों के माध्यम से भवन निर्माण एवं सुधार के कार्य [illegible] [illegible] लिए जाते हैं । कई कारणों से ये कार्य अधूरे रह जाते हैं । इससे इन [illegible] पर लगी राशि का भी पूर्ण सदुपयोग नहीं होता है । सारिणी सं0-[illegible] पंचायत समितिवार अधूरे कार्यों का विवरण दर्शाया गया है ।

## तालिका संख्या- 15

पंचायत समितिवार: अधूरे निर्माण कार्य

(प्रतिशत में)

| क्र0सं0 | पंचायत समिति | अधूरे निर्माण कार्य | अब तक प्रयुक्त राशि | | अभिकरण |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | अधिकतम | न्यूनतम | |
| 1- | आसपुर | 42.0 | 45000/- रु0 | 5000/- रु0 | पंचायत समिति |
| 2- | डूँगरपुर | 23.2 | 50000/- रु0 | 3000/- रु0 | -,, - |
| 3- | सागवाड़ा | 52.6 | 15000/- रु0 | 2000/- रु0 | -,, - |
| 4- | सीमलवाड़ा | 45.0 | 55000/- रु0 | 5000/- रु0 | -,, - |
| 5- | पिछीवाड़ा | 36.1 | 32000/- रु0 | 4000/- रु0 | -,, - |
| | डूँगरपुर जिला | 36.4 | - | - | -,, - |

तालिका से स्पष्ट है कि -

- पंचायत समिति सागवाड़ा में समस्त पंचायत समितियों में अधिकतम 52.6 % विद्यालयों के निर्माण कार्य अधूरे पड़े हुए हैं ।
- पंचायत समिति डूँगरपुर में न्यूनतम 23.2 % विद्यालयों के निर्माण कार्य अधूरे पड़े हैं ।
- अधूरे कार्यों पर सर्वाधिक राशि रु0 55,000/- पंचायत समिति सीमलवाड़ा के प्राथमिक विद्यालय सेण्डोला एवं सारणखास में प्रयुक्त हुई है । इसी पंचायत समिति के भयडिया गांव के विद्यालय में रु0 5000/- की न्यूनतम राशि का प्रयोग हुआ है किन्तु कार्य अधूरा है ।
- पंचायत समिति डूँगरपुर के प्राथमिक विद्यालय नं0 2 डूँगरपुर में रु0 50,000/- प्रयुक्त हुए हैं किन्तु कार्य अधूरा है । इसी पंचायत समिति के डूँगराफला प्राथमिक विद्यालय में न्यूनतम रु0 3000/- प्रयुक्त हुआ है एवं कार्य अधूरा है ।
- पंचायत समिति आसपुर में अधिकतम रु0 45000/- प्राथमिक विद्यालय ओड़ा में एवं न्यूनतम रु0 5000/- निहालपुरा में प्रयुक्त हुआ है किन्तु कार्य अधूरा है ।
- पंचायत समिति पिछीवाड़ा में अधिकतम रु0 32,000/- प्राथमिक विद्यालय पुनरावाड़ा पर एवं न्यूनतम रु0 4000/- पादरड़ी में प्रयुक्त हुआ है । कार्य अभी अधूरा है ।
- पंचायत समिति सागवाड़ा में समस्त पंचायत समितियों में न्यूनतम रु0 15000/- प्राथमिक विद्यालय कोनपुर में एवं रु0 2000/- प्राथमिक विद्यालय घाटा का गाँव में प्रयुक्त हुआ ।
  उपरोक्त सभी कार्य पंचायत समिति के माध्यम से हुए ।
- न्यादर्श में लिए गए विद्यालयों से प्राप्त तथ्यों के अनुसार पूरे जिले में 36.4 % विद्यालयों के निर्माण कार्य अधूरे हैं ।

## विद्यालयों में उपलब्ध विभिन्न सुविधाएँ

ऐसे गाँवों में जहाँ प्राथमिक विद्यालय स्थित हैं वहाँ बिजली, जल प्रदाय योजना, चिकित्सा सुविधा, टेलीफोन की सुविधा, टी०वी० एवं पोस्ट ऑफिस आदि न्यूनतम सुविधाएं उपलब्ध हैं या नहीं इसकी जानकारी करना भी आवश्यक है।

निम्नांकित सारिणी पंचायत समितिवार उन गाँवों का प्रतिशत प्रदर्शित करती है जहाँ प्राथमिक विद्यालय स्थित हैं एवं सुविधाएं उपलब्ध

सारिणी संख्या- 16

पंचायत समितिवार उन गाँवों का प्रतिशत जहाँ सुविधायें उपलब्ध हैं

| क्र. | सुविधाएँ | पंचायत समिति | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | आसपुर | डूंगरपुर | सागवाड़ा | सीमलवाड़ा | बिछीवाड़ा |
| 1 | बिजली | 60 % | 48.8 % | 64.4 % | 60.6 % | 59.5 % |
| 2 | जलप्रदाय | 30 % | 23.2 % | 27.3 % | 12.2 % | 12.7 % |
| 3 | चिकित्सा | 34 % | 39.5 % | 39.0 % | 22.4 % | 29.0 % |
| 4 | टेलिफोन | 30 % | 27 % | 27.3 % | 14.5 % | 19.0 % |
| 5 | टी.वी. T.V. | 30 % | 25 % | 27.3 % | 12.4 % | 17.0 % |
| 6 | पोस्ट ऑफिस | 46 % | 41 % | 42.9 % | 32.0 % | 36 |

सारिणी से स्पष्ट है कि -

* पंचायत समिति आसपुर, सागवाड़ा, सीमलवाड़ा एवं बिछीवाड़ा के लगभग 60 % गाँवों में बिजली की सुविधा उपलब्ध है ।
* पंचायत समिति डूँगरपुर के प्राथमिक विद्यालय वाले गाँवों के 40 % गाँवों में ही बिजली की सुविधा उपलब्ध है । यह प्रतिशत समस्त पंचायत समितियों में न्यूनतम है ।
* पूरे जिले के 52.4 % विद्यालयों में बिजली की सुविधा उपलब्ध है ।
* पंचायत समिति आसपुर के प्राथमिक विद्यालय वाले सिर्फ 30 % गाँवों में ही जल प्रदाय योजना उपलब्ध है । यह समस्त पंचायत समितियों में अधिकतम है ।
* पंचायत समिति सीमलवाड़ा के प्राथमिक विद्यालय वाले सिर्फ 12 % गाँवों में जल प्रदाय योजना उपलब्ध है जो कि समस्त पंचायत समितियों में न्यूनतम है ।
* प्राथमिक विद्यालय वाले गाँवों में चिकित्सा सुविधा की स्थिति भी अपर्याप्त ही है । यह सुविधा पंचायत समिति डूँगरपुर में 39 % है तो पंचायत समिति सीमलवाड़ा में 20 % है जो कि समस्त पंचायत समितियों में क्रमश: अधिकतम व न्यूनतम है ।
* टेलीफोन की सुविधा पंचायत समिति आसपुर के 30 % ऐसे गाँवों में उपलब्ध है जहाँ प्राथमिक विद्यालय स्थित हैं । यह प्रतिशत समस्त पंचायत समितियों में अधिकतम है ।
* टेलीफोन की यह सुविधा सीमलवाड़ा पंचायत समिति के मात्र 12 % गाँवों में ही उपलब्ध है । यह प्रतिशत समस्त पंचायत समितियों में न्यूनतम है ।
* जिले में पंचायत समिति आसपुर के 30 % विद्यालयों में टी०वी० की सुविधा उपलब्ध है जबकि पंचायत समिति सीमलवाड़ा में टी०वी० की सुविधा मात्र 10 % गाँवों में ही उपलब्ध है ।
* पोस्ट ऑफिस जैसी प्राथमिक सुविधा भी जिले की पंचायत समिति के गाँवों में अपर्याप्त ही है । पंचायत समिति आसपुर में जहाँ यह सुविधा 46 % है जो समस्त पंचायत समितियों में अधिकतम है वहीं पंचायत समिति सीमलवाड़ा में यह सुविधा 30 % ही है जो कि न्यूनतम है ।
* पंचायत समितिवार उपलब्ध सुविधाओं के प्रतिशत से यह भी स्पष्ट होता है कि पंचायत समिति सीमलवाड़ा के गाँवों में इन सुविधाओं का उपलब्ध प्रतिशत न्यूनतम है ।
* न्यादर्श में लिए गए विद्यालयों से प्राप्त निष्कर्षों के अनुसार पूरे जिले में 19.2 % प्राथमिक विद्यालय वाले गाँवों में जल प्रदाय की सुविधा उपलब्ध है ।
* पूरे जिले में 30 % प्राथमिक विद्यालय वाले गाँवों में चिकित्सा सुविधा उपलब्ध है ।
* पूरे जिले के 21.6 % ऐसे गाँवों में टेलीफोन की सुविधा उपलब्ध है जहाँ प्राथमिक विद्यालय स्थित हैं ।
* पूरे जिले में 20.4 % प्राथमिक विद्यालय वाले गाँवों में टी०वी० की सुविधा उपलब्ध है ।

विद्यालयों में जल स्रोत की सु[illegible]धा एवं जल के संग्रह करने की सुविधा निम्नांकित सारिणी से स्पष्ट होती है ।

सारिणी संख्या- 17

पंचायत समितिवार जल सुविधा एवं जल संग्रह सुविधा के विद्यालय

| [illegible]विधा एवं संग्रह सुविधा | | विद्यालयों का प्रतिशत | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | पंचायत समिति | | | | | | | | | |
| | | डूंगरपुर | | सागवाड़ा | | आसपुर | | सीमलवाड़ा | | बिछीवाड़ा | |
| | | शहरी | ग्रामीण | शहरी | ग्रामीण | शहरी | ग्रामीण | शहरी | ग्रामीण | शहरी | [illegible] |
| [illegible]ल | | 12.5 | 5.7 | 50.0 | 5.0 | - | 10.0 | - | 2.5 | - | 4.[illegible] |
| [illegible]ऑ | | - | 4.6 | - | 3.[illegible] | - | 6.0 | - | 5.0 | - | 6[illegible] |
| [illegible]ड पंप | | 50.0 | 80.0 | 37.5 | 62.[illegible] | - | 30.0 | - | 42.5 | - | 5[illegible] |
| [illegible] सुविधा नहीं | | - | 20.9 | - | 29.4 | - | 58.0 | - | 55.0 | - | 3[illegible] |
| [illegible] हेतु [illegible] | | 37.4 | 94.2 | 50 | 100 | - | 48.0 | - | 65.0 | - | [illegible] |
| | | 62.5 | 5.7 | 37.5 | 5.0 | - | 10.0 | - | 5.0 | | |

सारिणी से स्पष्ट है कि -

- पंचायत समिति सागवाड़ा के शहरी प्राथमिक विद्यालयों में से 50 % विद्यालयों में नल की सुविधा है जबकि डूँगरपुर शहरी क्षेत्र में मात्र 12.5 % विद्यालयों में ही नल की सुविधा है ।
- ग्रामीण क्षेत्रों में पंचायत समिति आसपुर में 10 % प्राथमिक विद्यालयों में नल सु[illegible]धा उपलब्ध है जो कि ग्रामीण क्षेत्रों में अधिकतम है ।
- पंचायत समिति सीमलवाड़ा के मात्र 2.5 % प्राथमिक विद्यालयों में नल सुविधा है जो कि समस्त पंचायत समितियों में न्यूनतम है ।
- पंचायत समिति डूँगरपुर [illegible] 80 % प्राथमिक विद्यालयों में हैण्ड पम्प की सुविधा उपलब्ध है [illegible] कि समस्त पंचायत समितियों में अधिकतम है ।
- पंचायत समिति आसपुर [illegible] 58 %, सीमलवाड़ा के 55 %, बिछीवाड़ा के 36.2 % [illegible] सागवाड़ा के 29.4 % एवं डूँगरपुर के 20.9 % विद्यालयों [illegible] पानी हेतु उपरोक्त तीनों में से कोई भी सुविधा उपलब्ध नह[illegible] ।

* प्राथमिक विद्यालयों में पानी का संग्रह मटकों या टंकियों में किया जा रहा है । पंचायत समिति सागवाड़ा के 50 ✗ शहरी विद्यालयों में पानी का संग्रह मटकों में किया जा रहा है एवं 37.5 ✗ शहरी विद्यालयों में संग्रह टंकियों में किया जा रहा है ।
* पंचायत समिति डूँगरपुर के 62.5 ✗ शहरी विद्यालयों में जल संग्रह टंकियों में हो रहा है जबकि 37.5 ✗ प्राथमिक विद्यालयों में जल संग्रह मटकों में हो रहा है ।
* ग्रामीण क्षेत्र के अधिकतर प्राथमिक विद्यालयों में जल संग्रह मटकों में ही किया जा रहा है ।
* ग्रामीण क्षेत्र के अधिकतम 10 ✗ प्राथमिक विद्यालयों में ही जल संग्रह हेतु टंकियों की सुविधा उपलब्ध है । ये 10 ✗ विद्यालय पंचायत समिति आसपुर में स्थित है ।

विद्यालयों में मूत्रालय एवं शौचालय जैसी सुविधाएँ प्राथमिक सुविधाओं के अन्तर्गत आती हैं । निम्नांकित सारिणी में इन सुविधाओं की उपलब्धता की स्थिति दर्शाई गई है ।

सारिणी संख्या- 18

पंचायत समितिवार मूत्रालय एवं शौचालय सुविधा उपलब्धी वाले विद्यालय

प्रतिशत में

| क्र0सं0 | पंचायत समिति | मूत्रालय सुविधा | | | शौचालय सुविधा | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | उपलब्ध | अनुपलब्ध | छात्राओं हेतु पृथक | उपलब्ध | अनुपलब्ध |
| 1- | आसपुर | 18.0 | 82.0 | 4.0 | 20.0 | 80.0 |
| 2- | डूँगरपुर | 37.2 | 62.8 | 11.6 | 23.2 | 76.7 |
| 3- | सागवाड़ा | 39.2 | 60.3 | 11.8 | 21.6 | 78.4 |
| 4- | सीमलवाड़ा | 22.5 | 72.5 | - | 20.0 | 80.0 |
| 5- | चिछीवाड़ा | 14.9 | 35.1 | 8.5 | 6.4 | 93.6 |
| | डूँगरपुर जिला | 20.8 | 79.2 | 7.1 | 16.8 | 83.2 |

सारिणी से स्पष्ट है कि -

* पंचायत समिति सागवाड़ा के 39.2 ✗ प्राथमिक विद्यालयों में मूत्रालय की सुविधा उपलब्ध है जो कि पाँचों पंचायत समितियों में अधिकतम है ।
* पंचायत समिति आसपुर के 82 ✗ प्राथमिक विद्यालयों में मूत्रालय जैसी प्राथमिक सुविधा भी उपलब्ध नहीं है ।
* न्यादर्श में लिए गए प्राथमिक विद्यालयों से प्राप्त निष्कर्षों के अनुसार पूरे जिले के 79.2 ✗ विद्यालयों में मूत्रालय की सुविधा उपलब्ध नहीं है ।

* पंचायत समिति सागवाड़ा में पूरे जिले में सर्वाधिक 11.8 ✗ प्राथमिक विद्यालयों में छात्राओं हेतु पृथक से सुविधा उपलब्ध है । जबकि पंचायत समिति सीमलवाड़ा में छात्राओं हेतु पृथक से कोई सुविधा उपलब्ध नहीं है ।
* पूरे जिले के मात्र 16.8 ✗ प्राथमिक विद्यालयों में शौचालय सुविधा उपलब्ध है जबकि शेष 83.2 ✗ विद्यालय इस सुविधा से वंचित हैं ।

विद्यालयों में विद्यार्थियों के बैठने हेतु दरी पट्टियाँ, अध्यापन हेतु श्याम पट्ट एवं स्टाफ़ हेतु फ़र्नीचर की सुविधा आवश्यक सुविधाओं में आती है । निम्नांकित सारिणी में इन सुविधाओं को प्रदर्शित किया गया है :

सारिणी संख्या- 19

पंचायत समितिवार प्राथमिक विद्यालयों में फ़र्नीचर उपलब्धता की स्थिति

| क्र0सं0 | पंचायत समिति | प्रतिविद्यालय फ़र्नीचर संख्या औसत | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | कुर्सी | मेज | स्टूल | आलमारी | दरी पट्टियां | जाजम | उपलब्ध | अनुपलब्ध विद्यालय का प्रति |
| 1- | डूँगरपुर | 4 | 3 | 1 | 1 | 27 | 1 | 1 | 14.0 |
| 2- | सागवाड़ा | 3 | 3 | 2 | 2 | 31 | 2 | 1 | 27.0 |
| 3- | आसपुर | 4 | 2 | 1 | 2 | 27 | 2 | 1 | 10.0 |
| 4- | सीमलवाड़ा | 3 | 2 | 1 | 1 | 23 | 4 | 1 | 27.0 |
| 5- | बिछीवाड़ा | 4 | 2 | 1 | 1 | 17 | 1 | 2 | 15.0 |
| 6- | संपूर्ण जिला | 4 | 2 | 1 | 1 | 25 | 2 | 1 | 19.0 |

सारिणी से स्पष्ट है कि -

* जिले के विद्यालयों में न्यूनतम 3 कुर्सियाँ, 2 मेजें, 1 स्टूल, 1 अ 17 दरी पट्टियाँ, 1 जाजम एवं 1 श्याम पट्ट उपलब्ध हैं ।
* साधारणतया प्राथमिक विद्यालयों में 23 से 31 के बीच में दरी पट्टियाँ उपलब्ध हैं किन्तु पंचायत समिति बिछीवाड़ा में दरी पट्टियों की संख्या मात्र 17 है ।
* श्याम पट्ट प्रत्येक कक्षा-कक्ष की एक आवश्यकता है किन्तु कुछ विद्यालय ऐसे हैं जिनमें एक भी श्याम पट्ट उपलब्ध नहीं है । पंचायत समिति आसपुर में ऐसे विद्यालयों का प्रतिशत 10 है जबकि पंचायत समिति बिछीवाड़ा एवं डूँगरपुर में 14 तथा सीमलवाड़ा एवं सागवाड़ा पंचायत समितियों में 27 ✗ प्राथमिक विद्यालयों में श्याम पट्ट उपलब्ध नहीं हैं ।

विद्यालयों में विभिन्न प्रकार के उपकरण यथा घड़ी, नक्शे, रोल-अप बोर्ड, ग्लोब आदि उपलब्ध रहते हैं । उपकरणों की उपलब्धता की स्थिति निम्नांकित सारणी में दर्शाई गई है ।

सारणी संख्या- 20

पंचायत समितिवार विद्यालयों का प्रतिशत एवं उपलब्ध उपकरण

| पंचायत समिति | विद्यालयों में उपकरण (प्रतिशत में) | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | घंटी | घड़ी | नक्शे | रोलअप बोर्ड | ग्लोब | चरू | ढोलक | रेडियो |
| ...पुर | 82 | 56 | 100 | 100 | 92 | 48 | 96 | - |
| ...पुर | 92 | 30 | 86 | 79 | 86 | 48 | 88.3 | 3.1 |
| ...वाडा | 89 | 25 | 64 | 74 | 11 | 51 | 82 | 3.8 |
| ...मलवाडा | 85 | 25 | 80 | 92.5 | 90 | 17.5 | 76.5 | - |
| बिछीवाडा | 78 | 19 | 70 | 34 | 23 | 10 | 71 | 15 |
| पूर्ण जिला | 85 | 31 | 80 | 75.9 | 60 | 35 | 82 | 4.4 |

सारणी से स्पष्ट है कि -

* घंटी जैसा आवश्यक उपकरण भी कई विद्यालयों में नहीं है । पंचायत समिति बिछीवाड़ा में 78 % विद्यालयों में घंटी है जबकि 22 % विद्यालयों में घंटी भी नहीं है ।
* घड़ी जो कि प्रत्येक विद्यालय हेतु आवश्यक उपकरण है, कई विद्यालयों में नहीं है । पंचायत समिति बिछीवाड़ा के 81 % विद्यालयों में घड़ियाँ नहीं हैं जबकि सागवाड़ा एवं सीमलवाड़ा के 75 % विद्यालयों, डूंगरपुर के 70 % एवं आसपुर के 44 % विद्यालयों में घड़ियाँ नहीं हैं ।

इन सब सुविधाओं के साथ-साथ पुस्तकालय एवं वाचनालय सम्बन्धी सुविधा ... विद्यालयों के लिए अति आवश्यक है । अध्ययन में पंचायत समितिवार उन विद्यालयों का प्रतिशत ज्ञात किया गया जिनके पुस्तकालय में 100 तक, 100 से 200 तक, 200 से 500 तक एवं 500 से ज्यादा पुस्तकें पुस्तकालय में उपलब्ध हैं ।

-पत्रिकाओं जिन विद्यालयों में आती हैं उनका प्रतिशत भी ज्ञात किया निम्नांकित सारणी में दर्शाया गया है :

तालिका संख्या- 21, 22

प्रतिशत

| क्र0सं0 | पंचायत समिति | विद्यालयों के पुस्तकालयों में पुस्तक संख्या | | | | पत्र-पत्रिकाएं मंगवाने वाले विद्यालयों का प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 100तक | 100 से 200 तक | 200 से 500 तक | 500 से अधिक | |
| 1- | आसपुर | 16 | 62 | 12 | 6 | 10 |
| 2- | डूँगरपुर | 22.2 | 49.2 | 24.2 | 4.8 | 18.6 |
| 3- | सागवाड़ा | 22.5 | 43.2 | 22.5 | 9.8 | 5.9 |
| 4- | सीमलवाड़ा | 31.7 | 56.3 | 9 | 2 | 5 |
| 5- | घाटीवाड़ा | 30.0 | 49.6 | 19.4 | - | 10.6 |

सारणी सं0-21 विद्यालयों पुस्तकालयों में उपलब्ध पुस्तकें एवं पत्र-पत्रिकाएं

सारणी से स्पष्ट है कि -

- 43 प्रतिशत से 62 प्रतिशत तक विद्यालयों में 100 से 200 पुस्तकें पुस्तकालयों में उपलब्ध हैं ।
- आसपुर पंचायत समिति के सर्वाधिक 62 प्रतिशत विद्यालय 100 से 200 तक पुस्तकें उपलब्ध हैं ।
- सागवाड़ा पंचायत समिति के न्यूनतम 43.2 % विद्यालयों में 100 से 200 तक पुस्तकें उपलब्ध हैं ।
- आसपुर, डूँगरपुर, सागवाड़ा एवं सीमलवाड़ा पंचायत समिति के विद्यालयों में 500 से अधिक पुस्तकें भी उपलब्ध हैं ।
- पंचायत समिति सागवाड़ा के 9.8 प्रतिशत विद्यालय ऐसे हैं जहाँ 500 से अधिक पुस्तकें उपलब्ध हैं । यह प्रतिशत पंचायत समितियों में सर्वाधिक है ।
- प्राथमिक विद्यालयों में पत्र पत्रिकाओं की संख्या 1 से 4 तक
- पंचायत समिति डूँगरपुर के 18.6 % प्राथमिक विद्यालयों में पत्र पत्रिकाएँ आती हैं । यह प्रतिशत समस्त पंचायत समितियों में अधिकतम है ।
- पंचायत समिति सीमलवाड़ा में न्यूनतम 5 % विद्यालयों में ही पत्र-पत्रिकाएँ आती हैं ।

## मानवीय परिप्रेक्ष्य

